राजकीय कन्या महाविद्यालय

सेक्टर–14, गुरुग्राम (हरियाणा)

GOVERNMENT COLLEGE FOR GIRLS
SECTOR - 14 GURUGRAM

रमणीक

सत्रः 2022–2023

EDITORIAL BOARD

Sitting Row (Left to Right) Dr. Amitesh Boken (Editor-in-Chief & Editor of Hindi Section)
Dr. Jitender Malik (Principal)
Ms. Yogita Bajaj (Editor- English Section)

Standing Row (Left to Right) Ms. Rakhi (Student Editor - Sanskrit Section)
Ms. Vidhi Bhardwaj (Student Editor - Hindi Section)
Ms. Asmita Grewal (Student Editor - English Section)

प्राचार्य संदेश

प्रिय विद्यार्थियों !

भारतीय मनीषा सांसारिकता, आध्यात्मिकता, नैतिकता, भौतिकता और वैज्ञानिकता तथा दैनिक आचार – व्यवहार के सूत्रों पर प्रारंभ से ही चिंतन करती रही है। सूक्ष्म से सूक्ष्मतम चिंतन भारतीय ज्ञानसाधना की प्रमुख विशेषता रही है। आत्मस्थ होकर ही सूक्ष्मता की तरफ जाया जा सकता है। प्रश्न उठता है कि सूक्ष्म तत्व और विचारों पर चिंतन करने से व्यक्ति क्या लाभ प्राप्त कर सकता है? सामान्य रूप से यह जगत स्थूल दिखाई देता है। फिर स्थूल जगत में जीवन को जीने के लिए सूक्ष्मता की आवश्यकता क्यों है? असल बात यह है कि यह स्थूल जगत हमारे ही सूक्ष्म चिंतन के रूप में हमसे प्रतिक्रिया करता है। मानव का प्रमुख उद्देश्य भौतिक और सूक्ष्म जगत की बारीकियों को सीखते हुए इन दोनों में सामंजस्य बैठाना होता है।

अपनी किशोरावस्था में आप सभी झूले में बैठकर झूले होंगे। झूले में बैठने का आनंद यही ले सकता है जो अपने शरीर का संतुलन झूले की गति से बनाकर चल सके। इनका अधिक से अधिक सामंजस्य झूले में बैठने के आनंद को और बढ़ा देता है। सभी विद्यार्थी अपने अध्ययन काल, में इसी प्रकार के झूले में बैठे होते हैं। शरीर का संतुलन और इंद्रियों की जीवन चेतना तथा झूले की गति में सामंजस्य बैठाकर ही आप इस अध्ययन काल का आनंद ले सकते हैं। झूले की गति से सांमजस्य करने पर ही बैठने वाले को आनंद मिल सकता है। अन्यथा दुर्घटनाओं की भी संभावनाएं रहती है। इसके लिए आपको अपनी दिनचर्या में से थोड़ा समय निकालकर आत्मस्थ

होकर भौतिक जीवन पर चिंतन करना होगा। [illegible] यात्रा और बाहर से आत्म की यात्रा — यही मानव जीवन के दो छोर हैं – [illegible] दो छोरों की तरह। फिर एक प्रश्न खड़ा हो जाता है कि संतुलन कायम कैसे किया [illegible] लिए दो प्रकार के नियम माने गए है— एक है – शाश्वत और दूसरा है समय सापेक्ष। जैसे विद्यार्थी के लिए अधिक नींद लेना वर्जित माना गया है। लेकिन अगर वह पूरे जीवन काल में ही नींद कम लेता रहे तो उसके बीमार हो जाने की भी संभावनाएं बढ़ जाएंगी। यह समय सापेक्ष नियम है। सुबह सूर्य उदय से पहले उठ जाना विद्यार्थी के लिए और अन्यों के लिए भी श्रेयस्कर बताया गया है। यह शाश्वत नियम है। आप सभी को भी ऐसे नियमों में सतुलन बनाकर ही जीवन जीना चाहिए। आत्म नियंत्रण से ही आत्म संतुलन प्राप्त किया जा सकता है। बुद्धिमान मनुष्यों की दो श्रेणियाँ बताई गई हैं। एक श्रेणी के मनुष्य इद्रिय तृप्ति के लिए भौतिक कार्य करने में निपुण होते हैं और दूसरी श्रेणी के मनुष्य आत्म निरीक्षक होते हैं जो आत्म साक्षात्कार के अनुशीलन के लिए जागते हैं। विचारवान पुरूष या आत्म निरीक्षकों के कार्य भौतिकता में लीन पुरूषों के लिए रात्रि के समान है। भौतिकतावादी व्यक्ति अज्ञान के कारण रात्रि में आत्म साक्षात्कार के प्रति सोए रहते हैं। गीता के दूसरे अध्याय में कहा गया है –

या निशा सर्वभूतानां तस्यां जाग्रति संयमी।
यस्याम जाग्रति भूतानि सा निशा पश्यतो मुनेः।।

अतः व्यक्ति को आत्म निरीक्षण के लिए आत्म संयम रखना चाहिए। वर्तमान समय में जबकि अधिकांशतः ज्ञान पश्चिम की छलनी से छनकर हम तक पहुंचता है। हमें अपनी प्राचीन परंपराओं, साधनाओं , दर्शन तथा चिंतनधारा के गंभीर मूल्यांकन की नितांत आवश्यकता है। यदि निष्पक्ष शोध की दृष्टि से देखा जाए तो प्रतीत होता है कि बहुत सा पश्चिमी ज्ञान भारत से ही गया हुआ है। अथवा उसका मूल स्रोत भारत की परंपराओं में ही निहित है। इस परिप्रेक्ष्य में हमारे परंपरागत मूल्यों तथा अवधारणाओं को वर्तमान परिस्थितियों में सार्थक ढंग से प्रयोग करके उनसे लाभान्वित होने की आवश्यकता है। यह न केवल हमारे जीवन को भौतिक तथा आध्यात्मिक दृष्टि से समृद्ध करेगा अपितु, हमारे राष्ट्रीय और सांस्कृतिक गौरव को भी पुनर्जीवित करेगा। रमणीक के इस अंक में अपनी रचनाओं से विभिन्न प्रकार की संवेदनाओं को संवेदनशील रचनाकारों की वाणी ने व्यक्त किया है। इनकी रचनाओं में देश और समाज की सामयिक चिंताओं की अभिव्यक्ति और कोमल मन की मृदुल भावनाएँ मुखरित हुई हैं। मैं सभी नवोदित रचनाकारों को उनके लेखन के लिए शुभकामनाएँ देता हूँ।

डॉ० जितेन्द्र मलिक
प्राचार्य

राजकीय कन्या महाविद्यालय
सेक्टर–14, गुरुग्राम

प्रधान संपादक की कलम से

[illegible] वालों के लिए लिखना और लिखने वालों के लिए लिखना एक चुनौतीपूर्ण कार्य [illegible] सामान्य रूप से लिखने वाला अपने किसी व्यक्तिगत अथवा सामाजिक दुख से उत्पन्न करुणा के भाव से भीग कर अपने मनोभावों को साहित्य में अभिव्यक्त करता है। मानव मन में साहित्यिक भाव पैदा होने के बारे में यह परंपरागत रूप से दिया जाने वाला विचार है। मनुष्य ने अपने वातावरण और परिस्थितियों के विकास के साथ–साथ अपनी बुद्धि का भी विकास किया है। हिंदी के कवि केदारनाथ अग्रवाल ने लिखा है—

दुख ने मुझको जब–जब तोड़ा,
मैंने अपने टूटेपन को
कविता की ममता से जोड़ा।

निश्चित है कि कविता का प्रारंभ दुख करुणा और सहानुभूति के भाव से ही होता है। क्रौंच पक्षी के वध के दुख से द्रवित होकर ही लौकिक साहित्य के आदि कवि वाल्मीकि के मुख से आदि काव्य प्रकट हुआ था। मन की सहज स्वाभाविक अनुभूति को प्रकट करना, लिखने का एक प्रकार का ढंग है। एक अन्य प्रकार का लिखने का तरीका है– दूसरों के प्रबोधन के लिए लिखना ।

इसी प्रकार से व्यक्ति सापेक्ष और समाज सापेक्ष तरीके से लिखने के अलग–अलग ढंग विकसित होते चले गए हैं या मानव की बुद्धि ने उन्हें विकसित कर लिया है। इस प्रकार के साहित्य में दुख, करुणा और सहानुभूति का सहज स्वाभाविक प्रस्फुटन नहीं है। वह एक निश्चित स्वार्थ पूर्ति के विचारों के प्रसार का साधन दृष्टिगत होता है। विकसित बुद्धि का अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए अपनी गुटबंदियों के मोर्चे खड़े करना इस प्रकार के साहित्य का उद्देश्य बन गया है।

आज समकालीन साहित्य में अनेक प्रकार के विमर्शों की बात हो रही है। कवि अगर प्रवास पर चला जाए तो प्रवासी विमर्श बन जाता है। संतों ने एक जगह बैठकर कभी जीवन यापन किया ही नहीं। वे हमेशा ही प्रवासमूलक जीवन व्यतीत करते रहे हैं। यानी उनके प्रवास को तो प्रवास नहीं माना जाएगा और हमारी छोटी सी यात्रा भी मिलों दूर की यात्रा मानी

जाएगी। इसी प्रकार अन्य विमर्शों की भी स्थिति है। साहित्य में खंड–खंड अनुभूतियाँ मिलकर एक अखंड रचना बनती है। वैसे देखा जाए तो साहित्य पूरे मानव जीवन का ही विमर्श माना जाता है।

यही कारण है कि प्राचीन साहित्यकार जीवन की अनेक खंड–खंड अनुभूतियों को मिलाकर महाकाव्यात्मक रचनाओं का निर्माण करता है। जिसमें मानव जीवन को एक समग्र इकाई के रूप में देखते हुए चिंतन–मनन किया गया है। आधुनिक चिंतन पद्धतियों ने चाहे बेशक अपने सूक्ष्म चिंतन से साहित्य के शरीर के जितने रेशे–रेशे कर दिए हों, किंतु वे एक समन्वित, सुडोल और सुदृढ़ तथा प्रेरणादायक रचनाओं की आधारभूमि तैयार नहीं कर सके हैं। मानव जीवन के प्रतिबिंब के रूप में साहित्य एक समग्र शरीर है। उसको राजनीतिक स्वार्थों के लिए टुकड़ों में बांटना कहां तक उचित है? विश्व साहित्य और विश्व संस्कृति के चिंतन की आवश्यकता को खंड–खंड दृष्टियों में विभाजित साहित्य कैसे पूरा कर सकता है? जिन्होंने लिखना सीख लिया है उन्हें प्राचीन साहित्य को पढ़ना चाहिए और जिन्होंने पढ़ना सीख लिया है उन्हें मानव जीवन को समग्र इकाई मानकर साहित्य लिखने का ढंग सीखना चाहिए।

डॉ० अमितेश बोकन
सहायक प्रोफेसर
हिंदी विभाग

कला ही यह सब कर सकती है। कला ही मनुश्य को विखंडित अवस्था से ऊपर उठाकर पूर्णता की अवस्था में, एकीकृत अस्तित्व की अवस्था में, ला सकती है। कला मनुश्य को यथार्थ समझने में समर्थ बनाती है, और न केवल यथार्थ को झेलने में उसकी सहायता करती है, बल्कि यथार्थ को अधिक मानवीय तथा मानवता के लिए अधिक उपयुक्त बनाने के उसके दृढ़ निश्चय को भी बढ़ाती है। कला स्वयं एक सामाजिक यथार्थ है। समाज के लिए कलाकार सबसे बड़ा जादूगर है, और समाज को इस सबसे बड़े जादूगर की जरूरत होती है।

अंर्स्ट फिशर

संपादक मंडल

प्रधान संपादक	:	डॉ० अमितेश बोकन सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग
हिंदी – अनुभाग – संपादक	:	डॉ० अमितेश बोकन सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग
छात्र – संपादिका	:	विधि भारद्वाज बी.एस.सी., प्रथम वर्ष
अंग्रेजी – अनुभाग – संपादिका	:	योगिता बजाज सहायक प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग
छात्र – संपादिका	:	
संस्कृत – अनुभाग – संपादक	:	वजीर सिंह सहायक प्रोफेसर, संस्कृत विभाग
छात्र – संपादिका	:	राखी बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष

हिंदी–अनुभाग – रमणीक (2022–2023)

संपादक – डॉ० अमितेश बोकन
सहायक प्रोफेसर (हिंदी विभाग)

छात्र संपादिका – विधि भारद्वाज
बी०एस०सी० मेडिकल, द्वितीय वर्ष

1.	प्रकृति की लीला	वंदना, बी.एस.सी. (नॉन मेडिकल), द्वितीय वर्ष
2.	पिता का प्यार एवं बलिदान	अन्जु शर्मा, बी.एस.सी. (नॉन मेडिकल), द्वितीय वर्ष
3.	प्रकृति	विनीता, बी.एस.सी. (बायोटेक्नोलॉजी), द्वितीय वर्ष
4.	ए जिंदगी	प्रतिक्षा, बी.ए., द्वितीय वर्ष
5.	ऐ खुदा मुझे फिर वही माँ देना	प्रतिक्षा, बी.ए., द्वितीय वर्ष
6.	आजादी	कोमल कुमारी, बी.ए., हिन्दी (ऑनर्स) द्वितीय वर्ष
7.	एहसास तुझे कब होगा	कनिष्का शर्मा, बी.ए., हिन्दी (ऑनर्स) तृतीय वर्ष
8.	लड़की	विधि भारद्वाज, बी.एस.सी., प्रथम वर्ष
9.	इंतजार	विधि भारद्वाज, बी.एस.सी., मेडिकल, द्वितीय वर्ष
10.	बटन	विधि भारद्वाज, बी.एस.सी., मेडिकल, द्वितीय वर्ष
11.	ख्वाब	शीला यादव, भूगोल विभाग, एक्सटेंशन लेक्चरर
12.	युवा शक्ति	अश्विनी सिंह नरूका, बी.एससी. बायोटेक, तृतीय वर्ष
13.	गरीबी	प्रगति तिवारी, स्नोतकोत्तर, हिन्दी
14.	बचपन	बीना मलिक, स्नोतकोत्तर, हिन्दी
15.	माँ	सोनिया, एम.ए. हिन्दी
16.	ईमानदारी	शीतल शर्मा, स्नातकोत्तर, हिन्दी
17.	पापा	रवीना धाँधी, स्नातकोत्तर, हिन्दी
18.	संगीत	डॉ० अमितेश बोकन, सहायक प्रोफसर, हिंदी विभाग
19.	कविता का अर्थ	डॉ० अमितेश बोकन, सहायक प्रोफसर, हिंदी विभाग
20.	गुरु ज्ञान के दीप जलाएँ	डॉ० लोकेश शर्मा, सहायक प्रोफेसर, संगीत विभाग
21.	पृथ्वी को बचाना है	नूरेशा, बी.ए. इंग्लिश ऑनर्स, द्वितीय वर्ष
22.	स्कूल के दिन बड़े याद आएंगे	आशु विमल, बी.ए. हिंदी ऑनर्स, तृतीय वर्ष
23.	माँ	श्रीमती शीला यादव, सहायक प्रोफेसर, भूगोल विभाग
24.	मेरा क्या कसूर था	अवंतिका तिवारी, बी.एस.सी. नॉन मेडिकल, तृतीय वर्ष

प्रकृति की लीला

प्रकृति की लीला न्यारी,
कहीं बरसता पानी, बहती नदियाँ
कही उफनता समुंद्र है,
तो कहीं शांत सरोवर है।

प्रकृति का रूप अनोखा कभी,
कभी चलती साए–साए हवा,
तो कभी मौन हो जाती,
प्रकृति की लीला न्यारी है।

कभी गगन नीला, लाल, पीला हो जाता है,
कभी काले–सफेद बादलों से घिर जाता है,
प्रकृति की लीला न्यारी है।

कभी सूरज रोशनी से जग रोशन करता है,
कभी अंधियारी रात में चाँद तारे मुस्कुराता है,
प्रकृति की लीला न्यारी है।

कभी सुखी धरा पर धूल उड़ती है,
तो कभी हरियाली की चादर ओढ़ लेती है,
प्रकृति की लीला न्यारी है।

कभी सूरज एक कोने से निकलता है,
दूसरे कोने में जाकर फिर सिमटता है,
प्रकृति की लीला न्यारी है।

वंदना
बी.एस.सी. (नॉन मेडिकल), द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक – 133

पिता का प्यार एवं बलिदान

माँ की ममता को तो, सब ने ही स्वीकारा है
पर पिता की परवरिश को, कब किसने ललकारा है!!
मुश्किलों की घड़ियो मे अक्सर, मेरे साथ खड़े थे वो
मेरी गलतियाँ थी फिर भी, मेरी खातिर लड़े थे वो!!
कमियों का अहसास, मुझको कमी न हो पाई!
कंपकंपा कर सोते थे वो, मेरे ऊपर थी रजाई!!
माँ की गोद की गरमाहट के बराबर उनकी थपकी
कंधे उनका बिस्तर मेरी, आँखे हल्की सी जो झपकी!!
उनके लाड में जो पाया, थोड़ा कडवापन सही
मेरी खातिर मुझे डाँटा, था वही बचपन सही!!
जिंदगी की दौड़ में अब, अपने पैरों पर खड़े
उनके जज्बों की बदौलत, मुश्किलों से हम लड़े!!
सर पे उनका साया जब तक, चिंता न, डर है कोई
उनके कंधों की बदौलत बढ़ रही है जिंदगी !!

अन्जु शर्मा
बी.एस.सी. (नॉन मेडिकल), द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक – 147

प्रकृति

सुन्दर रूप इस धरा का 'आँचल जिसका नीला आकाश
पर्वत जिसका ऊँचा मस्तक
उस पर चाँद सूरज की बिंदियों का ताज
नदियों–झरनों से छलकता यौवन
सतरंगी पुष्प–लताओं ने किया शृंगार

खेत–खलिहानों में लहलाती फसले
बिखराती मंद–मंद मुस्कान
हाँ, यही तो है,
इस प्रकृति का स्वछंद स्वरूप
प्रफुल्लित जीवन का निष्छल सार !!

विनीता
बी.एस.सी. (बायोटेक्नोलॉजी), द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक – 1220341050007

रूप, कथा, पद, चारु पट, कंचन, दोहा, लाल।
ज्यों ज्यों निरखत सूक्ष्मगति, मोल रहीम बिसाल।।
अमर बेलि बिनु मूल की, प्रतिपालत है ताहि।
रहिमन ऐसे प्रभुहिं तजि, खोजत फिरिए काहि।।

– रहीम

ए जिंदगी

पूछा जो मैंने एक दिन खुदा से,
अंदर मेरे ये कैसा शोर है।
हँस फिर मुझ–पर बोला,
चाहतें तेरी कुछ और हैं।
मगर रास्ता तेरा कुछ और है।।

रूह को सँभालना था तुझे,
पर सूरत सँवारने पर तेरा जोर है।
खुला आसमान, चाँद, तारे चाहते हैं तेरी,
पर बंद दिवारों को सजाने पर तेरा जोर है।।

सपने देखता है खुली फिजाओं के,
पर बड़े शहरों में बसने की कोशिश पर जोर है।
दिल की अमीरी चाहत है तेरी,
पर पैसे कमाने पर तेरा जोर है।

प्रतिक्षा
बी.ए., द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक – 1220341002370

ऐ खुदा मुझे फिर वही माँ देना

ए खुदा मुझे फिर वही माँ देना!
फिर वही गोद और
उसी का आसरा देना
खेला हूँ जिसकी गोद में
सोया हूँ जिसकी गोद में
सीखा है जिसकी उँगलियों को पकड़कर चलना
फिर उसी उँगलियों का सहारा देना

ए खुदा मुझे फिर वही माँ देना!
आँचल में छुपाया है जिसने,
धूप को बनाया छाया जिसने,
जिस आँचल से पूछा करती अकसर वो मेरे पसीने,
जब आता था मैं थक कर घर में,
फिर उसी आँचल का अहसास देना
ए खुदा मुझे फिर वही माँ देना।।

प्रतिक्षा
बी.ए., द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक – 1220341002370

आजादी

यह आजादी है देश के लिए
त्याग और बलिदान का
यह आजादी है मातृभूमि के
गौरव और स्वाभिमान का।।
इसी दिन हमारे देश की आजादी का है जन्मदिवस
जो उत्साह और उमंग लाता है हर बरस।।
आजादी ही सर्वोच्च है
पर तब जब हमारी सोच भी सर्वोच्च है
'आजादी का मतलब यह नही है कि बस, अंग्रेजो की
गुलामी से आजादी पाई है,
यह तो अनमोल है जिसे गाँधी और सुभाष ने हमें दिलायी है
है सौभाग्य मेरा जो मैंने आजाद हिन्द में जन्म लिया
जिसके लिए कितने वीरों ने प्राण न्योछावर किया।।

कोमल कुमारी
बी.ए., हिन्दी (ऑनर्स) द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक – 7827101905

संसार को बनाने में ईश्वर का न कोई कार्यविशेष है और न ही कोई विशेष प्रयोजन है, किन्तु ज्ञानबल और क्रिया–ये तीन वस्तुएं भगवान के अन्यतम स्वाभाविक गुण हैं। परमात्मा अपने भक्त की अनन्यभक्ति से प्रसन्न होकर उसका उद्धार करने स्वयं ही अवतरित हो जाते हैं।

–बृहदारण्यक उपनिषद

एहसास तुझे कब होगा

न तू इस जग का न ये जग तेरा।।

शिकवे शिकायतों में जिंदगी जानी है।
मृत्यु अटल सच्चाई है, ये तो एक दिन आनी है।।

सीमाओं में बंद शरीर, कहाँ तक तुझे ले जाएगा।
त्याग यह वस्त्र पुराना, तू एक नया शरीर पाएगा।।

अटल को पहचान ले, सत्य को तू जान ले।
बीत गया सो बीत गया, बीती पर न तुम जाना।।

जन्म मरण के फेरे से कहाँ कोई बच पाया है
आज यहाँ तो कल वहाँ
ले जनम बार–बार तू यहाँ हैं आया
अब तक ना तुझ को पहचान हुई
जीवन को तेरे सुबह से शाम हुई

और कितनी बार तू, जीवन मरण के फेरे में आएगा।
बोल रे बंदे कब तक तू, मेरे ईश्वर को न अपनाएगा।।

कनिष्का शर्मा
बी.ए., हिन्दी (ऑनर्स) तृतीय वर्ष
अनुक्रमांक – 1210341064038

लड़की

जिंदगी के राजो को
कभी थोड़ा छुपाना पड़ा
जहाँ तुरंत मैं रो पड़ा
वहाँ भी मुस्कुराना पड़ा
कभी बोलना चाहिए था तो
मगर सिर झुकाना पड़ा
मौत की पीडा सहकर भी
जिन्दा हूँ जताना पड़ा।

करा करो पीला तो
दिल को मुझे मनाना पड़ा
पर न साथ किसी का मिला मुझको
फिर खुदको ही दबाना पड़ा
बयाँ करते हुए सोच को
न जाने क्यों सकुचाना पड़ा।

जहाँ हामी भरना चाहती थी
वहाँ मुझे नकारना पड़ा
हुक्म दूसरो का लेते लेते
खुद के जज्बातो को मिटाना पड़ा
पर क्या करती मैं लड़की हूँ न
खुद से मुझको हारना पड़ा।

विधि भारद्वाज
बी.एस.सी., प्रथम वर्ष
अनुक्रमांक – 125

इंतजार

इंतजार करना था जरा सा
पर दिखे नहीं तुम कहाँ रूके थे
वक्त जो बीता ऐसा बीता
मुड़के देखा तुम जा चुके थे

मिले तो सही पर यूँ मिले
शुरू थोड़ा संवाद–सा हुआ
फिर हाथ से हाथ छोड़ चले
जैसे कोई हादसा हुआ

पहले जख्मों को भरना था
नए तो अभी कहाँ दुखे
वक्त जो बीता ऐसा बीता
मुड़के देखा तो तुम जा चुके

दिखाता हूँ मैं आगे से
कि निखार मेरा निखर गया
पर दिल जो संभाला था मेहनत से
देखो, फिर से वो बिखर गया

हाथ जो मैंने तुम्हारा थामा था
कैसे तुम्हारे नयन झुके थे।
वक्त जो बीता ऐसा बीता
मुड़के देखा तुम जा चुके थे।

विधि भारद्वाज
बी.एस.सी., मेडिकल, द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक – 125

बटन

उस दिन मेरा बेटा, मेरे पास आकर बोला— "पापा, मुझे स्कूल जाना है, शर्ट
कलाई का बटन बंद कर दो।" उसके मुख से निकले इन दो वाक्यों ने मुझे मेरे अतीत
पहुँचा दिया था, जब मैं आठ वर्ष का ही था, शर्ट के बटन मुझसे भी बंद नहीं हो पाते थे।
अपने पिता श्री से कहा— "पिताजी ये बन्द नहीं हो रहे हैं, आप कर दो ना?" उन्होंने क
सख्त हाथों से तुरंत उनको बंद कर दिया था। ये सोचते–सोचते मैं अपने मस्तिष्क
वर्तमान में पाता हूँ। अब तक मेरे बेटे का बटन भी बन्द हो चुका था की तभी, मेरे बूढ़े पिता
आते हैं, अपने हाथों में बेंत लेकर शायद वो कहीं जाने के लिए तैयार हो रहे होंगे, उन्होंने
ही एक पुरानी शर्ट डाल रखी थी, पर बटन बन्द नहीं थे, वो इशारे से मेरे बेटे को
बुलाकार अपने तोतली आवाज में उसे बटन बन्द करने को कहते हैं। उनके हाथों में क
सिकुड़न आ चुकी थी, नाखून भी पीले और लंबे हो चुके थे, और ठीक मेरे बचपन की तरह
उनके हाथ उन बटनों को बंद करने में असमर्थ हो चुके थे। ना जाने क्यों, पर जब वो
काँपते हाथों की कलाई के बटन बंद करवा रहे थे, तब उस दृश्य में मुझे मेरे बचपन का
प्रतिबिंब नजर आया।

विधि भारद्वा
बी.एस.सी., मेडिकल, द्वितीय
अनुक्रमांक – 1

धनहीन को धन, पशुओं को वाणी, मनुष्यों को स्वर्ग और देवताओं को मोक्ष की इच्छा सदैव रहती है।

–चाणक्य नीति

ख्वाब

खुली आँखों ने जो देखे थे ख्वाब
वो कुछ अधूरे तो कुछ पूरे होते गए...

हमने तो खुद से बस चलने का वादा किया
कुछ किनारा बढ़ा तो कुछ हम बढ़ते गए
मुश्किलें तो सफर में बहोत थी मगर
ना हारने का वादा हम खुद से करते गए

चाह तो थी आसमाँ छूने की मगर
बादलों के ऊपर तो हम आ ही गए
खुद को काबिल तो हम समझते थे बहोत मगर
काबिलियत को बस आगे बढ़ाते गए

जब हटे एक कदम पीछे कभी
तो चार कदम आगे का होसला बनाते गए
गर एक अंजुली खुशी बिखरी कहीं
अपनों की दुआओं से झोली भर पाते गए

सफर में चले, कभी गिरे, फिर उठे सम्हले
बस यूँ अपनी मंजिलों को हम पाते गए
अधूरे ख्वाबों का कभी पीछा ना किया
आँखों में नए ख्वाब संजोते गए
खुली आँखों .....

शीला यादव
भूगोल विभाग
एक्सटेंशन लेक्चरर

कांधे पर जिसके सारे समाज का प्रभार है,
धमनियों में जिसकी अटल जोश का संचार है।
आज की मेहनत से जिसने कल को है बुना,
वो हमारे देश का है कर्मठ युवा।
वो हमारे देश का है कर्मठ युवा।।

साहस और सच्चाई का विश्व में प्रमाण है,
मातृभूमि के लिए जीवन भी कुर्बान है।
रोक सके न कोई जिसे, चाहे पानी हो या हवा,
ऐसा है हमारा दृढ़ और अडिग युवा।
ऐसा है हमारा दृढ़ और अडिग युवा।।

उम्मीद भरी आँखों में सपने हजार है,
बदलाव की आग जिसमें बरकरार है।
है तो सारे युवा, सारे देश का सम्मान है,
संपूर्ण राष्ट्र के लिए, एक अमूल्य वरदान है।
संपूर्ण राष्ट्र के लिए, एक अमूल्य वरदान है।।

अश्विनी सिंह नरूका
बी.एससी. बायोटेक, तृतीय वर्ष
अनुक्रमांक – 1210341050025

गरीबी

गरीबी भी क्या चीज है, जो ख्वाहिशें मारकर जीना सीखा देती हैं।
सपनों को दबाकर, जीना सीखा देती हैं,
देखकर किसी चीज को करता हैं, मेरा भी,
मन कि मैं उसे पा लूँ किंतु फिर
याद आता है, अरे! मैं तो गरीब हूँ,
अगर कोई चीज आसानी से मिल जाए तो
सपना सा लगता है, क्योंकि आदत नहीं मुझे
किसी चीज को आसानी से पाने की
अब मन में नहीं बची ख्वाहिशें,
वरना जज्बा, जुनून तो मुझ में भी है,
लेकिन इस दुनिया को फुर्सत कहाँ,
हम जैसों को समझने की,
काबिलियत तो मुझ में भी है,
पर जेब में गाँधी हो ऐसी कहाँ किस्मत मेरी
अपने में ही जीता हूँ,
बस इतना सोचकर रो देता हूँ,
कि इतनी अच्छी किस्मत कहाँ मेरी,
कि ऊपर वाले को मंजूर हो खुशी मेरी,
हाँ माना गरीब पैदा होना तकदीर है मेरी
लेकिन गरीब मरना तो कर्म में है,
लेकिन इस स्वार्थ के बाजार में
जीतने की नहीं हिम्मत मेरी,
हाँ मैं गरीब है, हाँ मैं गरीब हूँ।

प्रगति तिवारी
स्नोतकोत्तर, हिन्दी
अनुक्रमांक – 2205058

बचपन

बचपन बड़ा सुहाना होता है
जीवन का अनमोल खजाना होता है

बचपन में तितली जैसे होते है
यहाँ–वहाँ बस ठिकाने होते है

काम का बोझ ना मन पर होता है
बचपन सभी को अपना प्यारा होता है

मिट्टी से घर बनाना और उनको सजाना
मुझको याद आ रहा वो गुजरा जमाना

पुरानी चप्पलों को काटकर पहिये बनाना
उनकी गाड़ी बनाकर फिर खूब दौड़ाना

मिट्टी में खेलना खूब प्यार उंडेलना
लड़ना–झगड़ना फिर रूठना मनाना

बच्चों की वो टोलियाँ, रंगों की रंगोलियाँ
करते थे बैठकर घंटो हम ठिठौलियाँ

मुझको अभी तक याद है, मीठा सा एहसास है
कागज से बनी फिरकियाँ मुझे चलाना याद
इसलिए बचपन बहुत ही खास है।

बीना मलिक
स्नोतकोत्तर, हिन्दी
अनुक्रमांक – 51

माँ

आ ना माँ पास बैठ तेरे रखे हाथों पर
प्यार से नमी रख दूँ तेरे प्यारे चहरे पर
हल्की सी हँसी रख दूँ
तू तो रोज ही प्यार जताती है
आज थोडी ममता मुझे भी लुटाने दे ना
बस एक दिन के लिए मुझे नानी मां बन जाने दे ना
तू थक गई होगी ना थोडा सर दबाने दे ना
तू तो रोज ही सुलाती है,
आज मेरी गोद में सर रखकर तू सोकर देख
मेरे दिखाए सपने में एक दफा खोकर देख
तू हमेशा काम में व्यस्त रहती है
आज थोड़ा आराम कर ले ना माँ
अपने नाम एक शाम कर ले ना माँ
जैसे तू हर रोज बनाया करती थी
वैसे ही आज मैं भी तेरी चोटी बना देती हूँ
आ माँ तेरे बाल संवार देती हूँ
तू तो रोज ही चुल्हे में अपना हाथ जलाती है
आज मैं तेरे लिए खाना बना देती हूँ
धूप सर जल रहा होगा थोड़ी छाँव बिछा दूँ क्या
तू तो रोज ही प्यार लुटाती है
थोड़ी ममता मैं भी लुटा दूँ क्या?

सोनिया
एम.ए. हिन्दी
अनुक्रमांक – 9

ईमानदारी

एक गाँव में श्यामू नाम का लड़का रहता था। स्वभाव से वह बहुत ही अच्छा था। उस
एक खेत भी था, जो बहुत ही छोटा था। जिस कारण उसके बड़े परिवार की गुजर–बसर बहु
मुश्किल से हो रही थी। वह अपने खेत में बहुत ही मन लगाकर काम करता था। खेत छोटे होन
कारण जल्दी ही वह काम खत्म कर लिया करता था। उसने सोचा क्यों न मैं किसी के खे
काम कर लिया करूंगा जिससे पैसों की भी दिक्कत कम हो जाएगा। क्योंकि वह काम
करके अपने घर ही रहा करता था।

गाँव के सेठ जी बड़े ही भले इंसान थे। उसने श्यामू से कहा कि तुम मेरे खेत में काम
लिया करो और फसल की कमाई का आधा पैसा मुझे दे दिया करो। तुम्हें मजदूरी करने
जरूरत नहीं है। खेत में काम करते समय श्यामू का पैर किसी चीज से टकराया। उसने खोद
देखा तो उसमें मटका था, जिसमें बहुत सारे सोने, चाँदी थे। उसका मन एक बार ललचा गय
परंतु उसने फिर सेठ जी को बता दिया। सेठ जी उसकी ईमानदारी देखकर खुश हुआ और के
में पूरा खेत उसे दे दिया।

शीतल शर्मा
स्नातकोत्तर, हिन्दी
अनुक्रमांक – 220505

स्वप्नद्रष्टा या निर्माता वही हो सकता है, जिसकी अंतर्दृष्टि यथार्थ के अंतस्तल को भेदकर उसके पार पहुँच गई हो, जो उसे सत्य न समझकर केवल एक परिवर्तनशील अथवा विकासशील स्थिति भर मानता हो।

– सुमित्रानन्दन पन्त

पापा

किसी ने बड़ी सही बात कही है कि "जेब खाली हो फिर भी मना करते नहीं देखा ; मैंनें पापा से बड़ा अमीर इंसान नहीं देखा।" एक बार एक लड़का अभियांत्रिकी की पढ़ाई कर रहा था। उसके पापा उसे अकसर कहा करते थे कि पढ़ाई पर ध्यान दो, अच्छी नौकरी प्राप्त करो। रोजाना इन्हीं बातों से परेशान होकर वो लड़का घर से अपने पापा का पर्स लेकर चला जाता है। गुस्से में वो लड़का अपने पापा के जूते पहनकर चला जाता है। कुछ दूर चलने के बाद वो देखता है कि जूते फटे हुए हैं और उसके पैर से खून आ गया है। वो एक जगह बैठकर जूता निकालता है और सोचता है कि पापा के पर्स से पैसे निकाल कर अस्पताल चलता हूँ। जब उसे अपने पापा का पर्स खोलकर देखा तो आश्चर्यचकित रह गया। पर्स में केवल 100 रूपये थे। अनेक कागज भी थे। उसने पहला कागज निकाला वो पर्ची थी उधारी की जो उसके पापा ने अपने दोस्त से लिये हुए थे। अपने बेटे के लैपटॉप के लिए। बाकी की पर्ची भी उधारी व जिम्मेदार की थीं।

उसे अहसास हो राह था कि वो गलत कर रहा था। अंत में एक अखबार का टुकड़ा निकला जिसमें लिखा था 'पुराना स्कूटर देकर नई बाईक ले जाओ'। उसे याद आया कि उसने बाईक लेने की जिद की थीं। वो लड़का उस पते पर पहुँचा जो अखबार पर लिखा था। वहाँ जाकर उसने अपने पापा को रोका कि आप अपना स्कूटर मत बेचो। मैं गलत था मुझे माफ कर दो। अब मैं एक अच्छी नौकरी लगकर आपकी जिम्मेदारी मैं उठाऊँगा।

रवीना धाँधी
स्नातकोत्तर, हिन्दी
अनुक्रमांक – 2205057

मनुष्य जब कोई चीज प्राप्त नहीं कर सकता है, तो वह अपनी दुर्बलता का अनुभव न कर परिस्थितियों को ही दोष देने लगता है। अपने कार्य में वही सफल होते हैं, जो दूसरों को दोष न लगाकर अपनी कमियों को देखते हैं। अपनी त्रुटियों को दूर कर वह सफल हो जाते हैं।

– विष्णु शर्मा (पंचतन्त्र)

संगीत

पहाड़ का मौन संगीत
पत्थरों की छाती की लकीरों से बिखरता है
तप्त किरणें हर कोण से करती
प्रहार जब
मरूत के पृशत अंतरिक्ष में ले जाते
तब
चंद्रमा की चांदनी बरसती है।
शीत हिम की चादर घेर लेती उसे
जब
पत्थरों का पराग बह निकलता
तब
गंध के भंवरे भंवर बनाते
पत्थरों को हवा में संचरित करते हैं।
पहाड़ चलता दौड़ता है
जब
दूर मुस्कुराती नदी की लहरें मचलती हैं
किनारों पर धरती पर
पानी से नम रेत से सुरभि उमड़ती है
पहाड़ चलता दौड़ता है
तब।

डॉ० अमितेश बोकन
सहायक प्रोफसर
हिंदी विभाग

कविता का अर्थ

कविता का अर्थ
बहुत कुछ बदल गया....
प्रवंचक के हाथ में जाने पर
व्यंजना मुखर हो गई।
कविता का शरीर
बेडौल हो गया
हवा भर गई
फूल कर कुप्पा हो गई
चाटुकार के हाथ में जाने पर।
कविता की आत्मा में
विषाद भर गया
यश के भूखे कवि के
तार सप्तक में गाए जाने पर।
कविता का भाव जगत
विराम पाकर ठहर गया
श्वेत कुंतली दुष्कर खाइयों
की टेढ़ी–मेढ़ी लकीरों में खो जाने पर।
कविता का विचार तंतु
दिवालिया हो गया
विशेष मतवादी बौद्धिक की
शरण में जाने पर।
कविता का सीधा मार्ग
काँटों से भर भटक गया
जोंक जैसे वर्ग के
हाथ में जाने पर।
कविता खिल उठी

रूठे प्रिय को पाने पर।
कविता वह चली
करुणा को सामने देखने पर।
कविता आत्मिक हो गई
हृदय से हृदय मिलने पर।
कविता छरहरी हो गई
बारिश की बूंदों के पानी पर।
कविता महकती धरती हो गई
उछलते कूदते भागते
बेवजह दौड़ लगाते
सांस फूलाते
बच्चों से मिल जाने पर।

डॉ० अमितेश बोकन
सहायक प्रोफसर
हिंदी विभाग

जैसे ईख से रस निकाल लेने पर केवल सीठी रह जाती है, उसी प्रकार जिस मनुष्य के हृदय से प्रेम निकल गया, वह अस्थि चर्म का एक ढेर रह जाता है।

कविता सच्ची भावनाओं का चित्र है और सच्ची भावनाएँ चाहे वे दुःख की हो या सुख की, उसी समय संपन्न होती है जब हम दुःख या सुख का अनुभव करते हैं।

— मुंशी प्रेमचन्द

गुरु ज्ञान के दीप जलाएँ

गुरु प्रकाश का पुंज है
गुरु ही देते ज्ञान
गुरु चरणों में बैठकर
मिट जाता अज्ञान
गुरु की यही है कामना
गुरु की यही है भावना
गुरु की यही है साधना
सर्वे भवन्तु सुखिनः
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु
माँ कश्चिद दुःख भाग भवेत्
आओ मिलकर करें गुणगान
गुरु ही जग में हैं गुणों की खान
गुरु बिन कुछ भी समझ न आए
गुरु ही सबको राह दिखाए
गुरु ही अंधतमस को मिटाए
गुरु ही ज्ञान के दीप जलाए
अंतर्मन को पावन करके
गुरु करें कल्याण
कृष्ण रुप में हरि भी आए
गुरु बनके गुरु बनके
कर्मयोग के बल पर छाए
प्रियतम सबके मन के
गुरु और देश की माटी का
आओं करें सम्मान।

डॉ. लोकेश शर्मा
अध्यक्ष एवं सहायक प्रोफेसर
संगीत विभाग

पृथ्वी को बचाना है

22 अप्रैल आया है
पृथ्वी दिवस मनाया है
पृथ्वी को हम ने किया बीमार
अब हम ही कर सकते हैं उसका उद्धार
पृथ्वी को बचाना है
स्वच्छ स्वस्थ बनाना है।
धरती से ही हम जन्म लेते हैं
और फिर उसमें मिल जाते हैं
पृथ्वी को हमने किया प्रदूषित
अब हम ही करेंगे उसको विभूषित
पृथ्वी को बचाना है
और उसको सजाना है
कूड़ा–कचरा हटाना है
पृथ्वी को साफ–सुथरा बनाना है।
धरती हमें सब कुछ देती
बदले में कुछ भी न लेती
पृथ्वी को बचाने का
संकल्प हमें उठाना है
धरती हमारी माता है
जिसने हमें सबकुछ दिया वो जीवन दाता है
पृथ्वी को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाकर
पेड़ बचाकर, पानी बचाकर
पृथ्वी को बचाना है
पृथ्वी–संरक्षक बनकर आगे आना है
ना गंदगी फैलानी है ना प्रदूषण करना है
सिर्फ और सिर्फ पृथ्वी को बचाना है
अगर पृथ्वी रहेगी स्वच्छ और स्वस्थ
तो हम भी रहेंगे आत्मस्थ
पृथ्वी बचाओं
दुनिया में हरियाली फैलाओं।

नूरेशा
बी.ए. इंग्लिश ऑनर्स, प्रथम वर्ष
अनुक्रमांक – 1210341062044

स्कूल के दिन बड़े याद आएंगे

स्कूल के दिन बड़े याद आएंगे,
जब हम बड़े हो जाएगें।

वो टीचर की डाँट, वो गुस्सा वो प्यार,
बड़े याद आएंगे जब हम बड़े हो जाएंगे।

वो दोस्तों की हर छोटी बात पर हँसना,
छुट्टी के समय बोतल चुरा कर कहना,
पानी है क्या?

वो दिन बड़े याद आंएगे,
जब हम बड़े हो जाएंगे।

वो एक–दूसरे की कॉपी छीन लेना,
और कहना ..... एक मिनट
वो इतिहास पढ़ते–पढ़ते सो जाना
लंच की घंटी बजते ही
एक दूसरे का लंच छिपा लेना
और फिर मिल बाँटकर खाना,
बड़े याद आएंगे,
जब हम बड़े हो जाएंगे।

वो हंसी वो मजाक वो परीक्षा के समय
मिलकर एक साथ पढ़ना,
दोस्तों की बातों पर मजाक में गुस्सा होना
और फिर उनको प्यार से मनाना
बड़े याद आएंगे
जब हम बड़े हो जाएंगे,

वो टीचर की हर बात पर लेक्चर देना,

उदाहरण देकर नई–नई चीजों के बारे में समझाना,
और कुछ समझ न आने पर
उनका प्यार से समझाना
बड़े याद आएंगे,
जब हम बड़े हो जाएंगे।

वो हर बात पर एक दूसरे को चैलेंज करना,
वो हाथ खड़े करके पनिशमेंट को पूरा करना,
वो प्रार्थना के बीच में आँखें खोलना,
डेस्क बजाकर टीचर की डाँट सुनना
बड़े याद आएंगे,
जब हम बड़े हो जाँएगें।

वो पढ़ते समय ही लंच करना
एक दूसरे को परेशान करना
परीक्षा के समय एक दूसरे को बैस्ट ऑफ लक कहना,
वो इंग्लिश के पिरियड में चीट–चैट करना
टूटी फूटी इंग्लिश बोलकर मैम को इम्प्रैस करना
बड़े याद आंएगे
जब हम बड़े हो जाएंगे।

वो हर एक प्रश्न के बीच कन्फयूज होना,
आपस में डिसकस करना, फिर समझ न
आने पर टीचर से पूछना

सच में बड़े याद आएंगे
जब हम बड़े हो जाएंगे।

आशु कि
बी.ए. हिंदी ऑनर्स, द्वितीय
अनुक्रमांक – 12003406

माँ

मुझे बनाने में ए माँ तूने अपना सब छोड़ा है।
अपनी राहों को तूने मेरी मंजिल संग मोड़ा है।।
कर दूं अर्पण तुझपे अपना सब तो भी ये थोड़ा है।
तेरे प्यार भरे आंचल का माँ एक कोना भर ही चाहूँ मैं।
तेरी झोली भर दुआओं से माँ अंजुली भर ही चाहूँ मैं।।
मेरी ठोकर का दर्द ऐ माँ तेरी आँखों में देखा है।
बहनों की विदाई पे तुझे छुपके रोते भी देखा है।।
कठिन समय में माँ तेरा दुर्गा सा रूप भी देखा है।
तू ही मेरी शाम तू ही मेरा सवेरा भला कैसे तुझे भूल जाँऊ मैं
तेरी झोली भर दुआओं से माँ अंजुली भर ही चाहूँ मैं।।
तेरी पायल की झनकार से होता मेरा सवेरा था।
मेरी खुशी का राज तेरा मुसकाता चेहरा था।।
हर गलत सही पे माँ तेरी नजरों का कड़ा पहरा था।
सोने की तरहा तराशा तूने भला कैसे लोहा हो जाँऊ मैं
तेरी झोली भर दुआओं से माँ अंजुली भर ही चाहूँ मैं।।
निकली इक आह! भी तो सोती नहीं थी माँ अंखिया तेरी
बाट जोहती होकर अधीर जब भी हुई एक पल की देरी
तेरे माथे की झुर्रियां बताती माँ कितनी थी तुझे चिंता मेरी
तू ही मेरी जमीं है तू ही है आसमाँ–भला कैसे दूर हो जाँऊ मैं ?
तेरी झोली भर दुआओं से माँ अंजुली भर ही चाहूँ मैं
तेरे प्यार भरे आंचल का एक कोना ही चाहूँ मैं ।

श्रीमती शीला यादव
सहायक प्रोफेसर
भूगोल विभाग

मेरा क्या कसूर था

मेरे प्राण क्यों हरे ? मेरा क्या कसूर था ?
सिर्फ पुत्र की ही कामना थी, क्यों तू इतना मजबूर था ?

क्या मेरी हस्ती पर नहीं रहा विश्वास तुझे,
क्यों नहीं कर पा रहा तेरा जग स्वीकार मुझे।

समाज कहता है तू लड़का–लड़की में भेद कर,
इसीलिए मार दिया ना मुझे गला रेत कर।

भद्रकाली कपलिनी का जाप घर में करवाया,
जब स्वयं तेरे घर पधारी, तब मारकर क्यों फिकवाया?

अब तू और तेरा संसार देखेगा इस माया को
नारी जाति की शक्ति नहीं पराधीन किसी काया को।

अबला नहीं सबला हूँ मैं यह साबित कर दिखलाऊँगी,
कर्मभूमि हो या रणभूमि, मैं ही ध्वज लहराऊँगी,।

हाँ मैं ही ध्वज लहराऊँगी, हाँ मैं ही ध्वज लहराऊँगी।।

अवंतिका तिव
बी.एस.सी. नॉन मेडिकल, द्वितीय
अनुक्रमांक – 120034015

English Section - Ramneek (2022-2023)

Editor - Yogita Bajaj
Assistant Professor (Department of English) Associate Pr
Student Editor - Asmita Grewal
M.A. English, Roll No. 2213003

EDITORIAL

Yogita Bajaj, Associate Professor (Department of English)

1.	Potential Ripped Asunder	Asmita Grewal
	How Poverty– Barricades the Path to Education : A Brief Analysis	
2.	Architectural Marvel	Deepti
3.	Implicit Prejudice - A Racism Within You	Priyanshi Gaur
4.	Woah! Men Empowerment	Nisha Hasan
5.	To a mind that is still	Mahima Bhardwaj
6.	World Peace	Nisha Kuntal
7.	Virtual Education	Lavanya Madan
8.	The Thriving Indian Startup Ecosystem	Mahima
9.	About 'Think India'	Sakshi
10.	Beauty of Nature	
11.	To Travel is to Live	Kajal
12.	Darkness of Black	Kajal
13.	Patriotism	Gagi Saini
14.	Music has the power to heal	Jisha
15.	Water Conservation	Prachi
16.	World Peace	Nisha Kuntal

EDITORIAL

Dear Students

I would like to congratulate you once again because the next edition of the magazine is going to be published soon. After pondering a lot that what should I talk about, I finally decided to give my opinion on the great derangement of climate change as much is being talked about sustainibility' these days. Climate change is not actually a crisis of culture rather it is a crisis of imagination. Dipesh Chakrabarty, a famous essayists says, "humans have become geological agents changing the most basic physical processes of earth." The point has actually come when accelerating impact of global warming have begun to threaten the very existence of human beings. Accumulation of carbon in the atmosphere is rewriting the destiny of earth and trying to pose big challenges in front of coming generations. This future is anyhow linked with wide histories of imperialism and capitalism. But surprising thing is that if we go down the history lane we will observe that all branches of culture like poetry, art, architecture, theater, have responded to war, ecological calamity, and crisis of many sorts but they have ignored the scare climate change and unfortunately it would be judged as a great derangement by coming generations. When future generations look back upon the great derangement they will certainly blame their forefathers it is not the role responsibility of environmental activist, leaders thinkers and politicians to address the issue of climate crisis. Denialist attitude to this threatens unravel something very deeper. As a teacher I took this responsibility to awaken your consciousness as every human being is playing its role in making the human being the most domineering species of time similarly all every human being should contribute to the make the world a better place to live on.

"Be the change U want to see"

Yogita Bajaj
Editor English Section
Associate Professor, English

Potential Ripped Asunder

How Poverty Barricades the Path to Education
A Brief Analysis

Since ages, there has been a running argument between men, men of intellect, men of great potential, men who have built an empire, mankind able to comprehend, to understand, and to proceed. These were the barbaric beasts who were tamed and enslaved, but were they? Indeed, we have a history of animals ravaging every known corner of the world to claim their 'habitats', learning the ways to navigate the walkable land, the vast expanse of oceans, of terrains and mountains, of cultivable fields and barren lands. Would it be fair to consider such taming a form of slavery?

Slavery, once again, is not a term to have definite dimensions. There are servants, doing the unwilling bidding of their masters, bound by shackles, then there are men who are slave to their desires, unable to break free of their compulsions. There are those who are ensnared by the beauty of unknown, and as such, we are all slaves to one or the other cause. Probably the most prominent, and common master to all, is the Intellect, intellect that unites us in our commonality, and quite exquisitely divides us in our varying potential and plethora of practicalities, the pathos of which is how, regardless of its abundance, it has barely been utilized to its veritable potential.

To quote Plato, A renowned master of Philosophy; "There is nothing more divine than education. It is only through education that one truly becomes man."

It has been decided that education, on the baser level, is the discipline of teaching, and learning. In its utility, it is a structure deriving its strength and coherence from a greater intellectual, drawing apprehension of his, or her knowledge and methodically passing it down to the subjects of concern, precisely analysed by both the parties in the process. As the ages progressed, innovation came to humans. By nature every sentient entity is meant to evolve, both biologically and mentally. Such evolutions take rapid stances against the existing protocols which may appear concrete to mind, but may have an abstract positioning against the existing law which requires both revision as well as modification. As such, against the needs of aging chiefly to retain, sustain and advance accordingly, our forefathers have debated, and have been divided by their varying analysis. No such vision is stagnant in a transient world, and each eye sees differently. What we have learnt so far, may all be but mere perception, but is perception the only path to education?

One contemplates upon the disciplines of teaching and perceiving, the other stresses on interpreting. There are suggestions, hypothesis, experimentations, opposed by realism and science and surreal arts. Education is, as defined and refined by our posthumous mentors, the ability to understand, to nurture the internal nature, that allows the man to be human, and to be

human is to question.

Comprehension is the key element of education, the building blocks of our mankind that allowed us to gain hold of our sentience and become what we now describe as 'human beings'. Classified as 'homo sapiens', the terminology itself derives its essential hint from the term 'wise man'. The mannerism of fleeing from the trouble, the need to shield himself, to build the shield and to use the nature to his avail; this need to be saved, and to elevate his place above that perpetual state of survival has brought the man to this stage of innovation and exhilaration.

The world may have been separated by the constructs of politics, of linguistic barriers, of cultural conundrums, but the need to be educated and educate remains the same. The amalgamation of all these constructs had risen from the assembling of the incoherent, put together meaningfully as it was utilized to create foundation of our disciplines. However, even after all these years of growing and prospering, having managed to subside our superstitions of those murky years, in the pursuit of greater knowledge, the world still fell into the hollowing dark pit of anguish. The wealth accumulated from all of this had led to and ever rising greed that could not be assuaged so easily. All these constructs of mankind are tied together in an unceasing cycle of conceptual agony; two serpents coiled around each other, spiritualism and materialism, unspectacularly swallowing each other.

And thus, it gave birth to the chaos. The names of these vary, with their disastrous consequences and the resulting intensity varying at lengths. These are poverty, terrorism, corruption, and what not. Sufficient to say, somewhere, the contribution of education is evident. It is what it is, the ability to learn and prosper. The pathos lies in the subsequent condition that the knowledge falls in the hands of ravenous men hankering after that metaphorical throne which would bequeath its power to them, lest they understand it. And so, it falls into the hands of monarchs, the shrewd princes and kings, the capitalists benefiting from its subliminal society and warmongering pseudo-patriots.

As of 2019, approximately 9% of the world population was the portion of the 'degenerates' lurking in the murky shadows of poverty. These were the living cadavers looking too eagerly for any means to satiate their hunger, there brains in their hollow bellies. Our saints may have taught us to set ourselves free of our fleshly impulses, but when compulsions take over, the need to survive possesses what sentience remains of that brain, and the man succumbs to his monstrosity. Discipline can do little in such times, and Poverty is akin to that pestilence that spreads like an appalling plague, which spreads its rage amongst the persecuted, and dread upon the ignorant. It is that misery that holds the man from rising, lest standing upright.

Central African Republicssuffers from the deadly strikes of poorness. When poverty comes to mind, one may see the shades of Gray, of murky waters of drains, of ruinations of society in shapes of scattered concrete and shabby homes, with children and men in grubby robes and women with course hands, cracks on the feet and back aching, hunched over due to restless nights, of sunken, despondent eyes. Luxembourg contributes the most of global GDP per capita, hailed as the richest of all countries. But we look at our hungry nations, and we see what we still

lack that does not let us to come closer to a better future.GDP may not be the only measure to substantiate their potential or weakness, but by standard metric structure, one can efficiently employ the usage of Purchasing Power Parity (PPP) to assess an individual's buying power in the given country.

Similarly, civil disputes and riots lead to further deterioration to their societal structure. Where there is no balance, there can be no progress. Most religious fanatics feed off the power of their vehement beliefs which becomes their tool, their instrument of subjugation. From infancy they are groomed to become the perfect puppet, their mental prowess siphoned by these Leaders who in turn utilize their manpower for their own personal gains. While men are subjected to the brainwashing, to adopt the toxic masculinity that tragically, in time, begins to leech onto their sympathy and serenity, women continue to faithfully follow the tradition of tolerance, picking up their heirloom, the leash that binds them to their seemingly inescapable path. For they are not educated, they cannot comprehend, thus they cannot question. Furthermore, the little coherence they possess is silence by fear. Many religions and nations continue to suffer from torment, in name of nationalism and God. Islam and Judaism sees the worst of this suffering. Afghanistan, Syria and Yemen's global stand dwindles due to their violent civil riots and war.

Survival brings out the worst in men, and Africa struggles with stagnant crime activities, which over the past few years have led to great political and social concerns. Latin America too shows as crime continues to pose threat against collective global maturation, most prominent in Honduras, where 36 per 100,000 folks get murdered or assaulted, severity ranging from burglary to rapes and murders. South Sudan and Zambia take the top ranks among other Provinces or Countries as the prevalence of poverty and crime ravages the society.

However, taking our own home country, India, there are many faulty practices that causes such deterioration in human lifestyle. These are no cultural, or religious practices. These are society, psychological abuses. One can argue swiftly that this may be named as Gaslighting, Intimidation, Coercion coupled with physical violence, all of which culminates into a bigger, grotesque picture, a picture that depicts the furious backwardness of frail ego, ego that overpowers the potential of intellect and mocks education. For a long time, the primitiveness of unidimensional lives led by our population has caused this backwardness. We refuse to question, for we have openly bereft ourselves of the gifts of education bestowed to mankind. We worship the Champion of Mankind, Prometheus, the Almighty King who stole the fire from the Heavens and bestowed the gift of knowledge to men, who built the civilization upon that foundation. And while our scholars have found the cause so ludicrous in its nature, it is, albeit quite an austere matter of concern to us for how knowledge has been considered as much of a blessing as it is a curse placed upon our entirety of existence. Prometheus has paid the price of his ultimate betrayal with anguish and pain, the possibility of its abiding cycle remains ambiguous, and dare I say, unnerving. The Christian history has condemned the First Man and Woman to hell as they have stolen the gracious fruit of knowledge from the Garden of Eden. As much as we are imbued with gratitude by our elders to cater to our mind than to the whims of hearts, ironically, our myths and legends create a contradictory vision of how Gods may have feared our ultimate asset.

never-ending conflict? Most ... their ... leaders have acquired ... stagnant comfort and quite adequately, that the very tool of our evolution is used ... contorted, and distorted it in a manner that the subjugation of the masses to these ... naivety, to make us surrender to them. The subjugation of the masses to these ... Terrorists becomes the epiphany of our dystopia.

Unironically, and unfortunately, lack of education makes us nothing less than ... even worse, the sheep, herded by an incapable, destructive shepherd who venerates ... propre. They are swayed by charisma, charmed by comfort of a surreal existence, and ... by such promises, they live a life of falsity. As their conscience is still at an infantile ... are forever rendered vulnerable, at the mercy of a cruel God. Lack of understanding ... other greater obstacles, which soon become a wall hard to climb when left un... Gender-inequality, religious fanatics, addiction, etc. all result from people refusing ... sense and being led by a crueller, viler Machiavellian Monarch.

Education system is also to blame, with its faulty practices and lazy staff. ... scenario of corruption seeping through streets and cities, money rules. Money buys ... but not the mental efficacy. Most of the teachers are not mentally eligible to teach, where ... are mere ostentatious ornaments they adorn in an elite society, but cannot differ from ... 'their'. As old money rules, responsibility dies and decays from within. The worst effect ... are the backward ones; the villages, the girls, the poor class, who cannot think outside ... All they can see is money in their pockets and food on their tables. When one cannot ... beyond the dusty dark room, no one can expect to be enlightened.

But then, the question remains, that if the hunger is the first stage and poverty the ... progress, then how can we reach up to the secondary stage? How can one expect to thi... survival is not over yet? How can education bring about a change when the ones to change ... out of this perpetual misery?

The Supreme Leaders who sit above there are the only ones who can bring ... change, but for that, they must move away from the temptations of luxury and ... sympathize with the pain of the masses and understand, that it is their legacy which will ... their good deed. It is not the weight in their books, the thickness of them which will de... their influence, but rather how much of that lesson they can utilize to create another ... There should not be no such barriers as loans, diseases and differentiations which would ... a child to be bereft of his or her primary right; the right to learn, and prosper in a big wo... find where his or her place belongs. No child should be lurking in the shadows with a knife ... hand, ready to fight for another bite, but rather be sitting under a tranquil shade and be ... forward to the light of a new day, where the coming generation will admire and adore ... follow him to his golden path, liberated from the curse of the conflicts our own miseries ... created.

Asmita Gr...
M.A. E...
Roll No. 221...

ARCHITECTURAL MARVEL

Unveiling India's new Parliament Building

An icon of the country's democratic spirit, the new Parliament building, also symbolizes the spirit of self reliant India. The old Parliament house is almost 100 years old, and over the years, the parliamentary activities and the number of people working therein along with visitors, increased manifold.

It is a Proud moment for the country and people as they are now ready to realize their long cherished dreams. This building shows the power and advancement of the Indian democratic system, which has weathered all sorts of upheavals and struggle and has also beholds a myriad of historical milestones.

The building of New Parliament is in triangular shape. According to Architect Bimal Patel, the shape is also a nod to the sacred geometry in different religions. The idea of a new parliament house stemmed from the fear of stability of the previously existing one. This buildings, showcasing its exquisite artwork and featuring. a ceremonial sciptre called 'Sengol' construct at the cost of ₹ 971 crore. The Lok Sabha, based in India's national bird, the peacock will have an expanded seating capacity. This new complex doesn't feature a central Hall like the old Parliament House. It was built using green technology, the new building is supposed to reduce electricity consumption. As per the new Parliaments building codes, the building is primed to be earthquake safe, unlike the old one.

The Building is replite with national symbols, including the Lion capital of Ashoka which weights some 9,500 kg. The words of 'Satyameva Jayate' have been on the entrance. It has three main gates- Gyan Dwar, Shakli Dwar and Karma dwar and separate entrances for VIPS, MPs and visitors. The Building planners have drawn inspiration from temples and scriptures.

It has a wall, Jan Janani Janmabhoomi, painted by grassroot artists. There are also three galleries to showcase music, crafts and architecture. The building showcases the country's glorious heritage, with contributions from artisans and sculptors across the country.

It not only reflects India's cultural diversity but also paves the way for an inclusive and efficient democratic process.

As the nation embarks on this new chapter] the new parliament building becomes a beacon of hope and unity, inspiring generation to come.

Deepti
M.A. English-I

Implicit Prejudice - A Racism Within You

All carry different perspectives regarding prejudice within themselves. Can we say insecurity? Maybe, but can we call ourselves racist only for having this opinion in ourselves

Prejudice is a kind of conflict that plays out within everyone of us. This prejudi basically based upon our neurological and psychological process, also there is subtle unconscious behaviour that are generally influenced.

What basically racial prejudice means, this question arose in my mind but now practically understood that we cannot replace this particular term completely from our mind

According to Wikipedia, "A preconceived opinion that is not based on reason or a experience" is pronounced as prejudice. It is often used as when an unfair feeling or d emerged, being treated differently because of race, colour or religion this is called as r prejudice. It can happen anywhere. It can happen in school, at workplace or home within fam or relatives. Sometimes it is a part of structure system that we live in and sometimes r prejudice is subtle and different to notice. It is directly or indirectly about a person's colo race. To sum up all, racism is a prejudice against an individual because of race or ethnicity.

The term racial prejudice is divided into two types the one is explicit, consc prejudice. The other one is implicit (inherit), unconscious prejudice that guides our beha Explicit prejudice is basically old-fashioned racism. In 21 century a scientific evidence sugg that we are seeing the effects not of the explicit prejudice but of implicit bias; moreover preju is different in every corner of the society. In the wake of racially charged bloodshed in B Rouge Minneapolis and Dallas the city of Cleveland hosted the Republican Nat Convention. Steve King argued that only white had made the contribution in the civiliz while other subgroups did not. According to him, "The western civilization and the Amer civilization are the superior culture". Prejudice is deeply embedded in our society yet persistently misunderstood to a biological construct rather than a cultural one. "If we think o our species existing for at least a few 100,000 years it is only the last several century that w the historical emergence of the race" by Crystal Fleming a professor of sociology at Stony Br University and author of 'How To Be Less Stupid About Race'. Some prominent scien including Charles Darwin, dismissed to a biological basis of race over the next century. M scientists dedicated themselves to prove a false racial hierarchy that is white people superior to other races.

Also, over the past years, America has been reckoning with racism on a scale that ha been seen since civil rights movement. From sources, the killing of George Floyd, Ahm Arbery, Breonna Taylor and other sparkled protests against systematic racism and p violence that have drawn multiracial participation. For the very first time American attendi Black Live Matter- the movement has been active since 2013 and witnessed police b

behaviour physically. The individuals like Steve King influence can be limited by identifying them and finding the appropriate solution but the biasness within a person is irreplaceable.

My yearning for answers came from personal experience in the school. I was not aware of it is with meonly, but whenever I used to surround myself among pretty faces; I tend to feel low-key although I'm not. It is okay to be surrounded by people but one must not have implicit prejudice. I am also trying to not to compare with anybody, because nobody is you and you cannot be everybody.

